एक नजर में

आचार्य देव पुण्यपाल सुरीश्वर जी की प्रथम पुण्यतिथि पर गुणानुवाद सभा हुई

रतलाम। गच्छाधिपति आचार्य देव पुण्यपाल सुरीश्वर जी म. सा. की प्रथम पुण्यतिथि पर आराधना भवन जैन श्रीसंघ द्वारा पोरवालों के वास स्थित उपाश्रय में परम पूज्य साध्वी जी भगवान शासन दर्शिता श्रीजी, वैराग्य दर्शिता श्रीजी, विरती दर्शिता श्रीजी आदि ठाणा सात की निश्रा में गुणानुवाद सभा संपन्न हुई। प्रात: से ही सैकड़ों की संया में श्रावक श्राविकाएं महिला उपाश्रय पर पहुंचना शुरू हो गए।गुणानुवाद सभा में सर्वप्रथम परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य देव श्रीमद् विजय रामचंद्र सुरीश्वर जी महाराज एवं परम पूज्य आचार्यदेव पुण्यपाल सुरिश्वर जी म.सा. को सामूहिक गुरु वंदन किया गया।नवकार मंत्र के जाप के पश्चात परम पूज्य पुण्यपाल सुरिश्वर जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में सामूहिक वंदनावली गीतों के साथ की गई।

आराधना भवन श्रीसंघ प्रमुख हिमत गेलड़ा,आराधना भवन सेवा समिति संरक्षक मुकेश गांधी, जयंतीलाल कटारिया एवं पूर्व अध्यक्ष अशोक लुनिया द्वारा गुणानुवाद किया गया एवं आचार्य भगवंत के रतलाम श्रीसंघ पर असीम उपकारों को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की गई। युवा साथी भावेश कटारिया द्वारा सुंदर स्तवन की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर रखबचंद लुनिया परिवार द्वारा सुंदर गहुली की रचना कराने का लाभ प्राप्त किया गया। पूज्य आचार्य की प्रथम पुण्यतिथी निमिा हनुमान रुंडी स्थित गृह जिनालय एवं शत्रुंजय तीर्थ करमदी तीर्थ पर प्रभु की भव्य अंगरचना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष हिमत गेलड़ा ,ट्रस्टी संजय भंडारी, गोपाल श्रीमाल, राजेंद्र जगावत, पारस गुगलिया, अरुण धामनोद वाला, राजेश गांधी, पूर्व अध्यक्ष अशोक लुनिया, आराधना भवन सेवा समिति अध्यक्ष नरेंद्र घी वाला, संरक्षक मुकेश गांधी, सचिव संजय पारख, पूर्व अध्यक्ष जयंतीलाल कटारिया, वरिष्ठ समाजजन विनोद मूणत, विनोद पितलिया, प्रदीप कटारिया, हेमंत गेलड़ा, अभय सुराणा, राजेंद्र गांधी, शैलेंद्र कोठारी, सुमित जैन, विजय पितलिया, राकेश मेर, विनित गांधी, महेंद्र सीतामऊ वाला, हिमत काकरिया, विपिन पोरवाल, हेमंत पारख, मनीष मुंबई वाला,रखब चाणोदिया, राजू भाई मुंबई वाला, आराधना भवन महिला सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती रंजना गांधी, मीना कटारिया आदि बड़ी संया में श्रावक श्राविकाओं ने गुणानुवाद सभा में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिमत गेलड़ा एवं आभार नरेंद्र घी वाला ने किया।

सकारात्मक छवि निर्माण पर महत्वपूर्ण सुझाव मिले

रतलाम। लायंस क्लब रतलाम गोल्ड एवं लायंस क्लब अभिमा के संयुक्त तत्वावधान में रीजन चेयरपर्सन प्रेमलता दवे, झोन चेयरपर्सन सरोज ओझा की सदभावना यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सर्वप्रथम लायनवाद के जनक मेलवीन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया ।तत्पश्चात शुभागिनी जोशी द्वारा राष्ट्रगान एवं ध्वज वंदना की गई तथा अरूणा सोनी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।लायंस क्लब रतलाम गोल्ड की अध्यक्ष पुष्पा वासन एवं लायन क्लब अभिमा की अध्यक्ष सुनिता पाठक द्वारा अध्यक्षीय उदबोधन दिया गया। सचिवीय प्रतिवेदन आशा चौधरी एवं सीमा सुरोलिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष द्वारा अजंना टांक एवं उषा दुबे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लायंस क्लबों के अध्यक्ष एवं सचिवों, कोषाध्यक्षों एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही रीजन प्रेमलता दवे, झोन सरोज ओझा एवं रीजन सचिव नीरज सुरोलिया का स्वागत सम्मान किया गया ।इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन प्रेमलता दवे ने अपने उदबोधन में लायन क्लब की सकारात्मक छवि निर्माण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। झोन चेयरपर्सन सरोज ओझा ने भी प्रशासनिक रिपोर्ट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवा कार्यो की सराहना की ।इस अवसर लायंस क्लब गोल्ड द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियाँ भी सम्पन्न की गई ।जिनमें जरूरतमंदों को कंबल वितरण, आरती त्रिवेदी, वैशाली माचवे, पुष्पा वासन द्वारा किए गए तथा घरेलू कामकाजी महिलाओं को साडियों का वितरण रेवा जोशी द्वारा एवं एक जरूरतमंद महिला को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन कल्पना राजपुरोहित द्वारा भेंट की गई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षों कल्पना राजपुरोहित, आरती त्रिवेदी, भावना पुरोहित, सरोज ओझा, वैशाली माचवे, शशि संघवी का सम्मान किया गया, साथ ही पीएमजेएफ बनने पर सुलोचना शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष जोशी एवं आभार सचिव सीमा सुरोलिया द्वारा व्यक्त किया गया।

जोशी परिवार ने श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक किया

रतलाम। श्री सनातन धर्म सभा रतलाम द्वारा बागड़ो का वास स्थित अगर जी के मंदिर में स्थित प्राचीन श्री चौमुखा महादेव की शिवलिंग के दैनिक अभिषेक योजना गति पकड़ती जा रही है। लगभग प्रतिदिन अब ना कोई शिव भक्त श्रद्धालु के द्वारा अभिषेक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज श्रीमती सपना पति मनोज जोशी निवासी डोंगरे नगर रतलाम ने सपरिवार भगवान श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक कर धर्म लाभ लिया गया ।अभिषेक विधि पंडित त्रिभुवन गणेश जी पंड्या द्वारा कराई जा रही हैं ।इस अवसर पर अभिषेक योजना संयोजक जुगल पंड्या समाज अंकित मिश्रा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

नृत्य, नाटक और रचनात्मक गतिविधियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जावरा ।जैन सोशलग्रुप जेएसजी नवकार द्वारा आयोजित पारिवारिक आयोजन बुधवार को जैन दादावाड़ी में संपन्न हुआ। इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों—बच्चों, युवाओं,महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने परिवार सहित सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सामूहिक नृत्य, नाटक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों एवं युवाओं की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं महिलाओं एवं वरिष्ठजनों की सहभागिता ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। पूरे आयोजन में पारिवारिक एकता, संस्कारों एवं सामाजिक सौहार्द का सुंदर संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण करुणा योजना के अंतर्गत जीवदया एवं मानव सेवा में योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह रहा। इस अवसर पर करुणा योजना में दान प्रदान करने वाले दानदाताओं को नवकार जीव दया रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से सेवा एवं करुणा के कार्यों को समाज के सामने प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैन सोशल ग्रुप के आगामी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कोठारी ने नवकार द्वारा किए जा रहे जीवदया एवं मानव सेवा के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की।

युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नव भारत न्यूज

रतलाम। हादसे में घायल युवक की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने रतलाम-बांसवाड़ मार्ग रोक चक्काजाम कर विरोध करने लगे। इससे मार्ग पर करीब 3 घंटे तक प्रदर्शन चला। इससे

टक्कर मारने वाले की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

पूरा मार्ग बंद हो गया और स्कूली वाहन भी रूक गए और वाहनों की लम्बी कतारें लग गई।

एंबुलेंस की टक्कर के बाद घायल हुए युवक की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुरुवार सुबह 9.30 बजे स्वजन और ग्रामीणों ने रतलाम-

बांसवाड़ा रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी और तहसीलदार ऋषभ ठाकुर पहुंचे। थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और जाम खुलवाया।

वाहनों की लगी कतारें: चक्काजाम के कारण सुबह के समय स्कूल जाने वाले कई विद्यार्थी जाम में फंस गए। हालात को देखते हुए प्रशासन और पुलिस की मदद से बच्चों को बसों से उतारकर सड़क के दूसरी ओर खड़ी बसों में शिफ्ट कराया गया, ताकि वे समय पर स्कूल पहुंच सकें। थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने बताया कि मामले में दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्वजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्वजन एंबुलेंस होने की बात कर रहे है, घटना के समय के सीसीटीवी देखकर एंबुलेंस की सर्चिंग की जाएगी।

युवक को एम्बुलेंस वाहन ने मारी थी टक्कर

नंदलाई गांव निवासी दरबार डोडियार पिता कन्हैयालाल डोडियार अपने दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहे थे। 9 जनवरी की रात सेजावता-बंजली बायपास पर एक एंबुलेंस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर स्वजन उन्हें बड़ौदा के अस्पताल लेकर गए, जहां बुधवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और वे सड़क पर उतर आए।

नवाचार : पुलिस ने ग्रामीणों से संवाद कर जानी समस्याएं

नवभारत न्यूज

रतलाम। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत शिवगढ़ थाने की पुलिस ने राजापुरा माताजी में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को

जनसंवाद में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी हुई शामिल

जाना और पुलिस की तरफ से सायबर अपराध, महिला अपराध, सामाजिक कुरीतियों की जानकारी दी। थाने की प्रशिक्षु डीएसपी व शिवगढ़ थाना प्रभारी अनिषा जैन ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज में जागरुकता फैलाएं।

जनसंवाद में ग्राम के सरपंच,

पंचगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी जैन ने ग्रामीणों से नवीन कानून की भी जानकारी दी। साथ ही नाबालिगों के वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणाम, सडक़ दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि, शादी-विवाह के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने से उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को इन बुराइयों से दूर रहने एवं सतर्कता बरतने की समझाइश दी गई।

समझे कम्युनिटी पुलिसिंग क्या होती है: कम्युनिटी पुलिसिंग (सामुदायिक पुलिसिंग) एक ऐसा दृष्टिकोण है जहां पुलिस और समुदाय मिलकर काम करते हैं। साझेदारी बनाते हैं और समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर प्रयास करते हैं, ताकि अपराध और सामाजिक अव्यवस्था के मूल कारणों को संबोधित किया जा सके और विश्वास व सुरक्षा बढ़ाई जा सके; यह केवल प्रतिक्रिया देने के बजाय सक्रिय रूप से जुड़ाव, संवाद और रोकथाम पर जोर देती है।

यह है जनसंवाद का उद्देश्य

थाना प्रभारी जैन ने बताया जनसंवाद का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं संवाद को मजबूत करना है, जिससे समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में इस प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई

रतलाम। जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न सेवा प्रदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा की गई। साथ ही जो भी स्वयंसेवी संस्थाएं जिन-जिन क्षेत्रों में कार्यरत है उन सभी को विभाग के साथ जुड़कर बाल विवाह के संबंध में जन जागरूकता फैलाने के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत बाल विवाह के साथ-साथ पोक्सो एक्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जेंडर क्लब के संबंध में भी चर्चा की गई उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सहायक संचालक मती भारती डांगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता यूनिसेफ के जिला समन्वयक सुनील सेन के द्वारा किया गया।

माता-पिता ने दी स्वीकृति, चिकित्सा शिक्षा के लिए देहदान

नवभारत न्यूज

रतलाम। लंबी बीमारी के बाद भाई ने संसार छोड़ दिया मगर दुख की इस घड़ी में भी सामाजिक सरोकार के तहत समाज सेवा का जज्बा रखा। भाई और बहन में माता-पिता को समझाया वे भी अपने बेटे की देहदान के लिए माने। रतलाम मेडिकल कॉलेज में देह रखने की जगह पूर्ण होने के चलते हितेश की देह सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज मंदसौर को भेजी गई।

काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी ने हरमुद्दा को बताया की हितेश कुमार पिता माणक लाल टटावत उम्र 43 वर्ष का लंबी बीमारी के पश्चात मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। परिवार के सदस्य कपिल टटावत ने देहदान के लिए काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी से इस पुनीत कार्य के लिए सहयोग मांगा। समाचार मिलते ही तत्काल रतलाम मंडल रेल चिकित्सा अस्पताल पहुंचकर देहदान के लिए डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज संपर्क किया, परंतु वहां पर रखने की व्यवस्था पूर्ण होने से नई समस्या उत्पन्न हो गई। ऐसे में मंदसौर सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज डीन डॉक्टर शशि गांधी से संपर्क किया। जिन्होंने पूर्व में देहदान के लिए निवेदन किया था। उन्होंने प्रदेश शासन, जिला कलेक्टर और जिला रोगी कल्याण समिति गोविंद काकानी को कोऑर्डिनेट करने का पत्र बनाकर भेज दिया। इसके पूर्व बड़े भाई कपिल, बहन सोना ने पिता माणकलाल, माता कस्तूरी देवी टटावत को देहदान के लिए अथक प्रयास करके स्वीकृति ली। रेलवे अस्पताल की ओर से डॉक्टर नरेश, स्टाफ बंधु, जिला प्रशासन की ओर से रोगी कल्याण समिति सदस्य काकानी, पत्रकार बंधु एवं परिवार सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। रतलाम जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए शव वाहन से रात्रि 8 बजे मंदसौर मेडिकल कॉलेज देह व्यवस्थित पहुंचने की सूचना प्राप्त हो गई।

तीन माह में पांच देहदान

समाजसेवी गोविंद काकानी ने बताया कि अब तक जिले से 5 देहदान 3 माह में हो चुके हैं। यह 6 वा देहदान है। रतलाम, मंदसौर और नीमच के शासकीय मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के प्रेक्टिकल अनुभव के लिए मानव शरीरों की आवश्यकता होती है।

गॉड ऑफ ऑनर देने से मिल रहा है प्रोत्साहन

ऐसे में देहदान को लेकर मध्य प्रदेश शासन ने गार्ड ऑफ ऑनर देने की जो पहल से लोगों में तेजी से प्रोत्साहन मिल रहा है। गार्डन ऑफ़ ऑनर देने के लिए किए गए प्रयत्न में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रेलवे अस्पताल, पत्रकार बंधु एवं समाजसेवियों की सराहनीय मदद से देहदान सम्मान पूर्वक हुआ।

कार पर किया पथराव, वाहन क्षतिग्रस्त

रतलाम। बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा रायणापाड़ा में अज्ञात हमलावरों ने कार पर पत्थर फेंके। इससे कार में नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम छोटा रायणापाड़ा आम से कार लेकर गुजर रहे प्रदीप पिता सुखराम वसुनिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धराड़ा (बिलपांक) पर अज्ञात हमलावरों ने पथराव कर दिया। फरियादी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी संतोष पिता जगदीश कटारिया निवासी रातितलाई (धराड़) के साथ छोटा रायणापाड़ा से गुजर रहा था उसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने कार पर पत्थरों से हमला कर दिया। हालाकि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार में नुकसान हुआ। फरियादी प्रदीप की रिपोर्ट पर बिलपांक पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

करंट लगने से मौत

रतलाम। जिले के ग्राम में एक युवक को करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बड़ावदा थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा में हादसा हुआ हैं। ग्राम वीरपुरा के निवासी शांतिलाल पिता नानुराम सोलंकी उम्र 45 वर्ष के घर में दाहिने हाथ की हथेली पर बिजली का करंट लग गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं पिपलौदा थाना क्षेत्र में प्रेम नगर निवासी प्रकाश पिता रामा मईडा उम्र 35 वर्ष को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

युवाओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव : चांदनीवाला

रतलाम। रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' उत्साह मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में प्रख्यात

रॉयल कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

शिक्षाविद डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मॉर्निंग स्टार ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर श्रीकार्ल वार्ड, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अनुराग लोखंडे एवं श्याम कुमार लालवानी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला ने कहा कि 'स्वामी विवेकानंद अंधविश्वास के घोर विरोधी थे। वे

चाहते थे कि युवा स्वयं पर विश्वास करें। आज के समय में समाज में जो भी सकारात्मक परिवर्तन आना है, वह युवाओं के माध्यम से ही संभव है। ' उन्होंने आह्वान किया कि युवाओं को अपने मस्तिष्क के साथ-साथ हृदय और शारीरिक क्षमताओं का शत-प्रतिशत उपयोग राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने स्वामी जी के साहित्य को पढ़ने की प्रेरणा देते हुए भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने का स्वप्न साकार करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीकार्ल वार्ड ने स्वामी जी के दर्शन—वेदों का ज्ञान, शांति और सह-अस्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने और समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है। संचालन डॉ. संदीप सिद्ध ने किया। रॉयल कॉलेज से डॉ. आरके अरोरा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. कल्पना पाटीदार,नितेश भारद्वाज स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार छात्र पीयूष देवड़ा ने माना।

अवैध अतिक्रमण पर समाज का अल्टीमेटम, शीघ्र कार्रवाई हो

पिपलौदा ।करीब तीन माह से कुशलगढ़-अंगीठी मार्ग स्थित चामुंडा माता मंदिर के समीप कृषि भूमि पर कथित रूप से किए जा रहे अवैध अतिक्रमण का मामला अब गंभीर रूप लेता नजर आ रहा है। हतनारा निवासी भूमिस्वामी रामचंद्र पिता नागु भील ने तहसील कार्यालय व थाने में आवेदन देने के बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो अब हिन्दू समाज एवं ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसील अंतर्गत ग्राम कुशलगढ़ स्थित सर्वे क्रमांक 598 की लगभग 0.500 हेक्टेयर कृषि भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में रामचंद्र के नाम दर्ज है, जिस पर मिट्टी, ईंट व पत्थर डालकर अस्थायी निर्माण कर कथित अतिक्रमण किया जा रहा है। इस भूमि पर मजार निर्माण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कुशलगढ़



सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण व हिन्दू समाज के प्रतिनिधि पिपलौदा तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम के नाम तहसीलदार देवेंद्र कुमार दानगढ़ को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि यह भूमि निजी कृषि भूमि है, फिर भी अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी असंतोष है। ग्रामीणों ने बताया कि विवादित भूमि के समीप हिन्दू समाज का प्राचीन धार्मिक स्थल चामुंडा माता

मंदिर भी स्थित है, जिससे क्षेत्र की सामाजिक संवेदनशीलता और अधिक बढ़ जाती है। यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया तो शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।